भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3865 का उत्तर

नमो भारत रैपिड रेल

3865. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नमो भारत रैपिड रेल और वंदे भारत ट्रेनसेट की रेक संरचना और तकनीकी विनिर्देश एक समान हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार नासिक और मुंबई सीएसएमटी के बीच उक्त रैपिड रेल की इंटरसिटी सेवाएं शुरू करने पर विचार करेगी;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सेवाएं कब तक शुरू होने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार उक्त रेल में दैनिक यात्रियों के लिए सीजन टिकट की सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार करेगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार की उक्त रेल में निर्दिष्ट डिब्बों में आरक्षित सीटें शुरू करने की योजना है ताकि यात्रियों को अग्रिम आरक्षण सुविधा का लाभ मिल सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) महाराष्ट्र में उन मार्गों का ब्यौरा क्या है जिन पर सरकार की उक्त रेल सेवा शुरू करने की योजना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, भारतीय रेल द्वारा आधुनिक सवारी डिब्बों, उन्नत संरक्षा सुविधाओं और यात्री सुविधाओं वाली पहली बार स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित की गई अर्ध-उच्च गति वंदे भारत रेलगाड़ियों की शुरुआत की गई है।

इंटर सिटी कम दूरी के आवागमन के लिए उपनगरीय और क्षेत्रीय यात्रियों के यात्रा अनुभव को उत्कृष्ट बनाने के लिए वंदे भारत गाड़ियों की विशेषताओं का उपयोग करते हुए दिनांक 16.09.2024 को भुज-अहमदाबाद के बीच नमो भारत रैपिड रेल (12-रेलडिब्बों की संरचना वाली) शुरू की गई है। 16-रेलडिब्बों की संरचना में दूसरा रेक भी विनिर्मित किया गया है। नमो भारत रैपिड रेल की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

- केंद्रीय रूप से नियंत्रित डबल लीफ स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे।
- संरक्षा और यात्रियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी।
- मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।
- अग्नि संसूचन प्रणाली।
- ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था के साथ एलईडी लाइटों की निरंतर व्यवस्था।
- आपातकालीन बातचीत प्रणाली।
- कुशन वाली सीटों और सीलबंद लचीले गलियारे के साथ मॉड्यूलर आंतरिक सज्जा।
- वैक्यूम निकासी के साथ एफआरपी मॉड्यूलर शौचालय।
- ड्राइवर कैब एसी के साथ पूर्ण रूप से वातानुकूलित गाड़ियां।

चूंकि, रेलवे नेटवर्क राज्यों की सीमाओं के पार फैला हुआ है, इसलिए, नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार ऐसी सीमाओं के पार गाड़ी सेवाएं शुरू की जाती हैं। वर्तमान में, नासिक-मुंबई खंड पर 66 जोड़ी नियमित मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं। इसके अलावा, इस खंड में 8 जोड़ी स्पेशल गाड़ी सेवाएं भी परिचालित की जा रही हैं।

इसके अलावा, नमो भारत रैपिड रेल पूर्णतया अनारक्षित रेलगाड़ी है। भारतीय रेल पर संचालित की जा रही नमो भारत रैपिड रेल में सीजन टिकट जारी करने का प्रावधान पहले से ही है। बहरहाल, इस समय, नमो भारत रैपिड रेल में आरक्षण मुहैया कराने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

भारतीय रेल पर नमो भारत रैपिड रेल सहित नई गाड़ी सेवाएं शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात के औचित्य, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्ययधीन है।

*****